# University in News on 27 October 2024

**AMRIT VICHAR PAGE 4**

## लविवि और संबद्ध कॉलेजों में 30 से अवकाश

**अमृत विचार, लखनऊः** दीपावली पर्व को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय और इससे संबद्ध कॉलेजों में 30 अक्टूबर से लेकर 3 नवंबर तक अवकाश रहेगा।

इस दौरान शिक्षण कार्य और समस्त गतिविधियां बंद रहेंगी। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि अवकाश के दौरान सभी शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

## एमएससी और बीएससी प्राणी विज्ञान प्रयोगात्मक परीक्षा 18 से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणी विज्ञान विभाग ने एमएससी के सेमेस्टर एक, बीएससी के तीसरे और पांचवें सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है।

बीएससी तीसरे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 18,19 और 20 नवंबर को सुबह 8.30 बजे से होगी। बीएससी पांचवें सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 21 व 22 नवंबर को सुबह 8:30 बजे से होगी। एमएससी सेमेस्टर एक की प्रयोगात्मक परीक्षा 10 व 12 दिसंबर को होगी। 10 दिसंबर को होने वाली परीक्षा में प्रैक्टिकल ए नॉन कोरडाटा की परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होगी। जबकि 12 दिसंबर को प्रैक्टिकल बी एनीमल फिजीयालोजी, बयोकेमेस्ट्री और सेल बायोलोजी की परीक्षा सुबह दस बजे से शुरू होगी।

## अनूप बने सोशल वर्कर्स एसोसिएशन के सचिव

**अमृत विचार, लखनऊः** बीपीएस महिला विश्वविद्यालय सोनीपत में नेशनल एसोसिएशन ऑफ़ प्रोफेशनल सोशल वर्कर्स इन इण्डिया का 12वां वार्षिक अधिवेशन हुआ। इसमें आम सभा की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। दिल्ली विवि के समाज कार्य विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो संजय भट्ट अध्यक्ष और लखनऊ विवि के समाज कार्य विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो अनूप भारतीय सचिव निर्वाचित किए गए। प्रो भट्ट को 56 प्रतिशत एवं प्रो भारतीय को 66 प्रतिशत मत मिले।

**JAGRAN CITY PAGE III**

## प्रो. अनूप कुमार बने सचिव




जासं• लखनऊ : 12वें भारतीय समाज कार्य सम्मेलन का आयोजन सोनीपत में हुआ। सम्मेलन में शनिवार को नेशनल एसोसिएशन आफ प्रोफेशनल सोशल वर्कर्स इन इंडिया की ओर से हुए निर्वाचन के परिणाम जारी किए गए। इसमें लवि के समाज कार्य विभाग के प्रोफेसर अनूप कुमार भारतीय सचिव पदों पर विजयी घोषित हुए।

**SWATANTRA BHARAT PAGE 2**

# पॉक्सो एक्ट की विशेषता व महत्व के प्रति किया जागरूक

## बच्चों का समझाया गुड टच व बैड टच में अंतर

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में स्थापित विधिक सहायता केन्द्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में अलीगंज स्थित केंद्रीय विद्यालय में पोक्सो अधिनियम पर जागरूकता विस्तृत करने के उद्देश्य से विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो.बीडी सिंह, विधिक सहायता केंद्र के अध्यक्ष डॉ.अभिषेक कुमार तिवारी व केंद्रीय विद्यालय के प्रधानध्यापक एमके तिवारी के नेतृत्व में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राशिका सचान ने अधिनियम की विशेषता व महत्व बताते हुए किया। इसके बाद सदस्य आफिया खान व राशिका सचान ने



विभिन्न पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन की सहायता से गुड टच व बैड टच के बीच के अंतर को समझाया। कार्यशाला को आगे सहज आनंद द्वारा लैगिक अपराध की वर्तमान परिस्थितियों, उनके प्रकारों व इस अधिनियम में उल्लेखित दण्ड के प्रावधानों को बहुत ही सरल भाषा में बताया गया। वहीं,सदस्य अफिया खान ने चिकित्सा परीक्षण प्रक्रिया व इन अपराधों से बचाव के लिए उपस्थित प्रावधानों के विषय पर प्रकाश डाला। इस दौरान केंद्र की सदस्य शिवानी सिंह ने इन अपराधों के खिलाफ कैसे आवाज उठाए व अपनी सूचना कहा दर्ज कराए इसके विषय में बच्चों को जागरूक किया। साथ ही ऐसे जघन्य कृत्यों से बचने के लिए शिक्षकों व सभ्य समाज की जिम्मेदारियों से अवगत कराया। कार्यशाला का समापन शिवांगी सिंह द्वारा बच्चों के प्रश्नों का उत्तर देकर तथा आवाज उठाओ के नारे के साथ हुआ। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य एमके तिवारी ने इस ऊर्जात्मक व जागरूकता से भरपूर सत्र के सफल आयोजन के लिए विधिक सेवा केंद्र का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम उपस्थितजनों की सक्रिय भागीदार के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।